रणजीत टाइम्स

इंदौर

बुधवार, 4 नवम्बर, 2026

वर्ष 02 | अंक 261 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

सीएम डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट ने लिए अहम फैसले

डेवलपमेंट-इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए स्वीकार किए 23 हजार 300 करोड़ से ज्यादा के प्रस्ताव



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 3 नवंबर को कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने बताया कि कैबिनेट ने प्रदेश के समग्र विकास, पर्यावरण संतुलन और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 23 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक के कई महत्वपूर्ण वित्तीय प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। यह स्वीकृति 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की अवधि में 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के लिए प्रदान की गई है।

स्वीकृत राशि में से सर्वाधिक 10,664 करोड़ 79 लाख रुपये कार्यकारी योजना संगठन एवं वन वृत्तों की स्थापना पर खर्च किए जाएंगे। क्षतिपूर्ति वनीकरण योजना के लिए 1,994 करोड़ 30 लाख रुपये, राष्ट्रीय उद्यानों की स्थापना के लिए 1,623 करोड़ 79 लाख रुपये, इमारती लकड़ी उत्पादन के लिए 1,107 करोड़ 6 लाख रुपये और जू एवं रेस्क्यू सेंटर की स्थापना के लिए 604 करोड़ 23 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही मुख्यालय स्थापना, वन प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन, कार्य योजना निर्माण और संरक्षित क्षेत्रों के बाहर वन्यप्राणी प्रबंधन के लिए भी आवश्यक बजट मंजूर किया गया है। इस निर्णय से प्रदेश में वनों के संवर्धन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यों को नई गति मिलेगी। कैबिनेट द्वारा स्वीकृत 9 योजनाओं का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण, वनों का वैज्ञानिक प्रबंधन, जैव-विविधता और वन्यजीव संरक्षण सुनिश्चित करना है। मुख्यालय स्थापना और कार्यकारी वन वृत्तों की स्थापना योजनाओं का उद्देश्य मुख्यालय से लेकर मैदानी वनमंडलों तक प्रशासनिक नियंत्रण, वनों की सुरक्षा और अमले का प्रबंधन करना है। कार्य आयोजना का निर्माण योजना का उद्देश्य वनों के सतत व वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए 10 वर्षीय कार्य योजना तैयार करना है, जबकि वन प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन वनकर्मियों को प्रशिक्षित एवं कार्यदक्ष बनाने के लिए है। क्षतिपूर्ति वनीकरण योजना का उद्देश्य प्रदेश में होने वाले विकास कार्यों के लिए वन भूमि के उपयोग किए जाने के फलस्वरूप होने वाले पर्यावरणीय क्षति के दुष्प्रभावों को कम करना है। इमारती लकड़ी का उत्पादन योजना का लक्ष्य काष्ठ व बांस का वैज्ञानिक विदोहन, परिवहन, विक्रय और राजस्व अर्जन है। वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय उद्यान स्थापना योजना द्वारा 9 टाइगर रिजर्व एवं 10 राष्ट्रीय उद्यानों का संरक्षण व विकास किया जाएगा। वहीं संरक्षित क्षेत्रों के बाहर वन्यप्राणी प्रबंधन का उद्देश्य सघन गश्त, बाघ मॉनिटरिंग व रेस्क्यू कार्य सुनिश्चित करना है।

कैबिनेट ने वनों के संवर्धन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यों के लिए वन विभाग के अंतर्गत संचालित 9 प्रमुख विद्यमान योजनाओं के सुचारु संचालन के लिए कुल 17,240 करोड़ 55 लाख रुपये की स्वीकृति दी है।

भूटान का सम्मान

मोदी को समर्पित हुआ 76वां बौद्ध स्तूप



108 स्तूपों में खास पहचान, भारत-भूटान मैत्री और गैलेफू परियोजना के समर्थन को मिला आध्यात्मिक सम्मान

थिम्पू। भारत और भूटान की दोस्ती को एक विशेष आध्यात्मिक पहचान मिली है। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में 108 बौद्ध स्तूपों में से 76वां स्तूप समर्पित किया है। यह समारोह 1 नवंबर को गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में आयोजित हुआ। भारत की ओर से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने समारोह में भाग लिया। उन्होंने भूटान के राजा के साथ स्तूप संख्या 76 की समर्पण पट्टिका का अनावरण किया और प्रधानमंत्री मोदी की ओर से आभार व्यक्त किया। यह सम्मान गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना के प्रति प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन और भारत-भूटान संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता के लिए दिया गया। इस आयोजन में 108 स्तूप स्थापित किए गए।

प्रत्येक स्तूप 15 मीटर ऊंचा है और इनके निर्माण में हजारों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे भारत के लिए बड़ा सम्मान बताते हुए कहा कि यह दोनों देशों के गहरे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक रिश्तों का प्रतीक है।

पुणे को पिंक मेट्रो की सौगात

आज मोदी करेंगे उद्घाटन

पुणे। शहर के सार्वजनिक परिवहन को नई रफ्तार देने वाली मेट्रो लाइन-3 यानी पिंक लाइन का उद्घाटन आज 3 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12:30 बजे वीडियो माध्यम से करेंगे। करीब 8,313 करोड़ रुपये की लागत से बना 23.2 किलोमीटर लंबा गलियारा मान से जिला न्यायालय मेट्रो स्टेशन तक जुड़ेगा। इससे हिंजवड़ी के आईटी केंद्र और शिवाजीनगर के बीच सफर आसान होने की उम्मीद है। इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि पूरी लाइन पर ट्रेनें महिला संचालक चलाएंगी। करीब 30 प्रतिशत बिजली की जरूरत सौर ऊर्जा से पूरी करने की योजना है। यात्रियों के लिए व्यावसायिक सेवाएं 4 नवंबर सुबह 6 बजे से शुरू होंगी। शुरुआती चरण में 23 में से 17 स्टेशन खुलेंगे। प्रधानमंत्री पुणे मेट्रो के दूसरे चरण की करीब 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

होर्मुज में धमाके

ईरान-अमेरिका आमने-सामने!

केश्म द्वीप पर सैन्य कार्रवाई की खबर, अमेरिकी ड्रोन गिराने के ईरानी दावों से बढ़ी हलचल; बातचीत के संकेतों के बीच टकराव गहराया

तेहरान/वॉशिंगटन। रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान और अमेरिका के बीच तनाव फिर बढ़ गया है।

ईरान के केश्म द्वीप पर सोमवार देर रात पांच धमाकों की खबर सामने आई। ईरानी सरकारी मीडिया ने धमाकों की सूचना दी, जबकि अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से आई रिपोर्टों में सीमित अमेरिकी हमलों की बात कही गई है। अमेरिकी पक्ष ने इन्हें रक्षात्मक कार्रवाई बताया है। इसी



बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उसके बलों ने दो अमेरिकी एमक्यूएम-170 टोही ड्रोन मार गिराए और कब्जे में लिए। ईरान ने अन्य ड्रोन गिराने का दावा भी किया है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और अमेरिका पहले ऐसे कुछ दावों को खारिज कर चुका है। विडंबना यह है कि सैन्य हलचल के बीच कूटनीतिक संपर्क भी जारी हैं। होर्मुज में बढ़ता तनाव वैश्विक तेल आपूर्ति और समुद्री व्यापार के लिए चिंता बढ़ा रहा है।

दीपावली को लेकर नगर निगम का एक्शन प्लान

शहर के बाजार, प्रमुख मार्ग और गालियां रहेगी साफ-सुथरी, दीपावली के अलगे दिन चलेगा विशेष सफाई अभियान

इंदौर। दीपावली के मौके पर शहर के प्रमुख मार्ग, बाजार ओर गालियां साफ सुथरी रहेगी। शहर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने और बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए नगर निगम द्वारा एक्शन लिया तैयार किया गया है, दीपावली के मौके पर होने वाली साफ सफाई के चलते बाजार और रहवासी क्षेत्रों में भारी मात्रा में अतिरिक्त कचरा निकलता है। इसी के मद्देनजर विशेष प्रबंध किए गए है।

सफाई कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रहेगी। साथ ही अतिरिक्त कचरा संग्रहण वाहन और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां तैनात की जाएंगी। साफ सफ़ाई को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश कार्ययोजना तैयार की गई है। स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल और अपर आयुक्त प्रखर सिंह के अनुसार त्योहार के दौरान सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए सभी सफाई कर्मचारियों को नियमित ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों के अतिरिक्त फेरे लगाए जाएंगे। जरूरत के अनुसार अतिरिक्त वाहन और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी मैदान में उतारी जाएंगी।

दीपावली के बाद सड़कों पर चलेगी सफाई की मुहिम- त्योहार



के दौरान बाजारों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा बढ़ने की संभावना को देखते हुए दीपावली के दूसरे दिन विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें बाजारों से लेकर आवासीय क्षेत्रों तक सफाई कर कचरे का तत्काल उठाव और परिवहन किया जाएगा। निगम का प्रयास रहेगा कि त्योहार के बाद शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर नजर न आएं।

मिस्ट मशीनों से धूल और प्रदूषण पर नियंत्रण- वायु गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने के लिए प्रमुख मार्गों पर मिस्ट मशीनें संचालित की जाएंगी। रीगल चौराहा और खजराना चौराहा स्थित मिस्ट टावर नियमित चलाए जाएंगे। इसके अलावा दो वाटर स्प्रिंकलर मशीनों से भी सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जाएगा, ताकि धूल और धूल के कणों को नियंत्रित किया जा सके।

एनजीओ के साथ जागरूकता अभियान- डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से नागरिकों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा निर्धारित वाहनों को ही कचरा सौंपने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस काम में एनजीओ का सहयोग भी लिया जाएगा।

इंदौर मेट्रो को नहीं मिल रहे यात्री प्रदेश के मुख्य सचिव ने ली वीसी के माध्यम से बैठक

मेट्रो के विस्तार उपयोगिता बढ़ाने पर हुई चर्चा फेस-2 के निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए

इंदौर में मेट्रो की सुविधाओं और यात्रियों की संख्या बढ़ाने को लेकर प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। प्रदेश के मुख्य सचिव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा की।मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर कलेक्टर कार्यालय में,कलेक्टर शिवम वर्मा ,निगमायुक्त क्षितिज सिंघल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि वर्तमान में मेट्रो के 17 स्टेशन संचालित हो रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग मेट्रो सेवा का उपयोग करें और इसकी राइडरशिप बढ़े। इसके लिए यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।वहीं,मेट्रो के फेस-2 के निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जल्द से जल्द इंदौरवासियों को मेट्रो की विस्तारित सुविधा मिल सके।बता दें की इंदौर में फिलहाल गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो का संचालन किया जा रहा है,लेकिन इसमें यात्रियों की संख्या बेहद कम है,ऐसे में प्रशासन का प्रयास है की जल्द ही शहर के मध्य इलाकों से भी मेट्रो को जोड़ा जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस सुविधा का लाभ ले सके।

कलेक्टर जनसुनवाई में 275 से अधिक आवेदनों पर हुई सुनवाई

कलेक्टर ने अधिकारियों को समय पर निराकरण और जरूरतमंदों को राहत देने के निर्देश दिए

इंदौर। कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा ने 275 से अधिक आवेदकों की समस्याएं सुनीं। प्राप्त आवेदनों में राजस्व, पुलिस, आर्थिक सहायता, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मामले प्रमुख रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को आवेदनों का समयबद्ध निराकरण करने और जरूरतमंदों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदन संबंधित विभागों को भेजे गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को



जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस दौरान कलेक्टर ने शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने तथा जरूरतमंदों को उपचार और पढ़ाई के लिए शासन की सहायता समय पर उपलब्ध कराने को कहा। तत्काल आर्थिक सहायता की जरूरत वाले मामलों में भी शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पहुंचे मेधावी दिव्यांग विद्यार्थी संध्या और वीरेंद्र से कलेक्टर ने चर्चा की। दोनों की शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्होंने आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार और रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलाकार अजय कुमार ने द हाट ऑफ आर्ट में लिया हिस्सा अपनी कलाकृतियों से कला प्रेमियों को किया आकर्षित

सह संपादक अनिल चौधरी

इंदौर मध्यप्रदेश। कला, संस्कृति और रचनात्मक अभिव्यक्ति को समर्पित 'द हाट ऑफ आर्ट' -इंदौर कला प्रदर्शनी में प्रतिभाशाली कलाकार अजय कुमार ने सहभागिता कर अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मक दृष्टिकोण का परिचय दिया।

यह कला प्रदर्शनी 30 अक्टूबर से आयोजित .... 1 नवंबर 2026 तक

इंदौर के अभय प्रशाल ऑडिटोरियम में आयोजित की गई।अजय कुमार तेल रंगों के माध्यम से कैनवास पर अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने वाले कलाकार हैं। उनकी कला में आध्यात्मिकता, जीवंतता, जीवन के आनंदमय क्षणों, संस्कृति और मानवीय भावनाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। उनकी कलाकृतियों में बारीकियों, समृद्ध रंगों और भावनात्मक अभिव्यक्ति का विशेष महत्व है। वे अपनी चित्रकला के माध्यम से जीवन के



विभिन्न पहलुओं और आसपास की दुनिया की सुंदरता को कैनवास पर उकेरने का प्रयास करते हैं। उनकी कलात्मक दृष्टि केवल दृश्य सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी चित्रकला दर्शकों को कला के माध्यम से जीवन, संस्कृति और आध्यात्मिक अनुभूतियों से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करती है। 'द हाट ऑफ आर्ट' –इंदौर कला प्रदर्शनी में सहभागिता के लिए अजय कुमार को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन (Certificate of Participation) प्रदान किया गया। यह प्रमाणपत्र उनके कला के प्रति समर्पण, रचनात्मक योगदान और प्रदर्शनी में सहभागिता का सम्मान है।

इस प्रकार के कला आयोजनों से कलाकारों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने, कला प्रेमियों से संवाद स्थापित करने तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त करने का मंच मिलता है।अजय कुमार की इस सहभागिता से उनकी कलात्मक यात्रा को नई पहचान मिली है। उनकी कला के प्रति निष्ठा, रचनात्मक सोच और अभिव्यक्ति की विशिष्ट शैली भविष्य में भी कला जगत में नए आयाम स्थापित करने की संभावनाएँ प्रस्तुत करती है।

रणजीत टाइम्स

प्रदेश को मिले 48 नए डीएसपी

● रील नहीं, रियल समस्याएं सुलझाएं: सीएम यादव ● 2029 तक ड्रग्स की समस्या का सफाया का लक्ष्य



भोपाल (नप्र)। सीएम मोहन यादव भोपाल के भौंरी स्थित पुलिस अकादमी परेड ग्राउंड में 44वें-45वें बैच उप पुलिस अधीक्षकों को दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली है। साथ ही नए पुलिस अधिकारियों को नसीहत भी है। उन्होंने कहा कि रील से ज्यादा रियल प्रॉब्लम सॉल्व करने में पुलिस अधिकारी ज्यादा ध्यान देंगे।

मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, में उप पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत समारोह में परेड का अवलोकन किया।

सीएम मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन मध्य प्रदेश और पुलिस के लिए काफी अहम है। प्रदेश के 48 नए जनसेवक मिले हैं। ये राज्य की सेवा करने के लिए अपने आप तत्पर रहें। हमारे प्रदेश में जब-जब चुनौती आई है, तब-तब हमारे पुलिस जवानों ने उनका सामना उच्चतम प्रतिमान स्थापित किए हैं। आजादी के बाद राज्य में



लंबे समय तक डाकुओं के साए में रहा है। चाहे चंबल अंचल हो या रीवा अंचल, हमारी पुलिस ने इन चुनौतियों को सामना सफलता से किया है।

नक्सलवाद खत्म करने में पुलिस ने साबित की दक्षता : उन्होंने कहा कि एमपी में इस बात की कल्पना करना कठिन था कि प्रदेश से कभी नक्सलवाद का संकट खत्म होगा। नक्सलियों के कारण आदिवासी अंचलों में विकास ठप हो गया है। लेकिन एमपी ने असंभव लक्ष्य को हासिल किया और समय सीमा से पहले नक्सलवाद को खत्म कर गिया। नक्सलियों का सफाया कर पुलिस ने अपनी दक्षता साबित की है।

ड्रग्स के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभाएं

उन्होंने कहा कि साल 2029 तक आप ड्रग्स के खिलाफ भी निर्णायक भूमिका अदा करें। पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के कल्याण की चिंता करना सरकार का कर्तव्य है। राज्य सरकार ने पिछले तीन साल में 17 हजार 710 पदों पर भर्ती की हैं। कुल 22 हजार 500 पदों पर भर्ती का टारगेट है। नव नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण निरंतर जारी है। हमारी सरकार ने पुलिस विभाग को भी पदोन्नति से लाभान्वित किया है, इससे सभी अधिकारी-कर्मचारियों के बीच उत्साह और उमंग का वातावरण बना है।

63 पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

सीएम यादव कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में लगे 63 पुलिसकर्मियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिए गए। हम अपने बहादुर जवानों के साहस की सराहना करते हैं। युवा अधिकारियों के सामने चुनौतियां आने पर ही उनके प्रशिक्षण की परीक्षा होती है। पुलिस एकेडमी में मिला प्रशिक्षण युवा अधिकारियों को फील्ड में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ बलिदानियों के योगदान को सदैव स्मरण रखेगी। मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी अवैध शराब के तंत्र को धवस्त करेंगे।

छिंदवाड़ा कलेक्ट्रेट ऑफिस में फरियाद लेकर आए लोगों पर मधुमक्खियों ने किया हमला

चार लोग हुए घायल, अफरा-तफरी की स्थिति

छिंदवाड़ा (नप्र)। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस घटना से वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। अपनी समस्याएं लेकर जनसुनवाई में पहुंचे लोग मधुमक्खियों से



बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान करीब तीन से चार लोग मधुमक्खियों के काटने से घायल हो गए।

काफी समय से था मधुमक्खियों का छत्ता- जानकारी के मुताबिक,छिंदवाड़ा कलेक्ट्रेट परिसर में काफी समय से मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ है। इसे हटाने के लिए पहले भी प्रयास किए गए थे, लेकिन छत्ते को पूरी तरह हटाया नहीं जा सका। इसके चलते परिसर में आने वाले लोगों के लिए लगातार खतरा बना हुआ था। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान अचानक मधुमक्खियों का झुंड सक्रिय हो गया और वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया।

बड़ी संख्या में मौजूद थे लोग-घटना के समय कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। मधुमक्खियों के अचानक हमले से लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कुछ लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे तो कुछ ने खुद को बचाने के लिए आसपास की इमारतों में शरण ली। हमले में तीन से चार लोगों को मधुमक्खियों ने काट लिया।

पहले से थी जानकारी फिर भी नहीं हुआ समाधान-कलेक्ट्रेट परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और आम नागरिक विभिन्न सरकारी कामों के लिए पहुंचते हैं। खासकर जनसुनवाई के दिन दूर-दराज के क्षेत्रों से लोग अपनी शिकायतें लेकर आते हैं। ऐसे में परिसर में मधुमक्खियों का छत्ता होना सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है।

रिटायर्ड आईएएस की हत्या का आरोपी शॉर्ट एनकाउंटर में गिरफ्तार

बोला- डांटने से नाराज था; पुलिस ने 4 दिन सब्जीवाला, रिक्शावाला बनकर की रेकी

भोपाल (नप्र)। भोपाल में रिटायर्ड आईएएस राकेश अग्रवाल हत्याकांड के आरोपी केयर टेकर वरुण कुमार को पुलिस ने आगरा से गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे उसे शॉर्ट एनकाउंटर के बाद पकड़ा गया। उसके पैर में पुलिस की गोली लगी। घायल को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अग्रवाल के डांटने से नाराज था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए चार दिन तक सब्जी और रिक्शावाला बनकर रेकी की थी।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वरुण को पकड़ने के लिए भोपाल पुलिस ने आगरा में चार दिन तक अंडरकवर ऑपरेशन चलाया।

रातीबड़ थाना प्रभारी रास



बिहारी शर्मा के मुताबिक, झुग्गी बस्तियों में पुलिस की लगातार आवाजाही से लोगों को शक होने लगा था। इसलिए टीम ने अपनी पहचान छिपाकर निगरानी शुरू की। दिल्ली और मथुरा में भी पुलिस टीमें तैनात थीं। आखिरकार वरुण आगरा के मथुरा रोड से पकड़ा गया।

फुटपाथ पर सोता और कबाड़ बेचकर गुजारा करता था: पुलिस के मुताबिक, हत्या के बाद वरुण लगातार ठिकाने बदल रहा था। वह एक-दो दिन से ज्यादा किसी जगह नहीं रुकता था। ग्वालियर से आगरा, मथुरा और वृंदावन होते हुए दिल्ली पहुंचा।

दीपावली का वास्तविक संदेश है अंतस्थ आनंदमयी दिव्य चेतना की जागृति

दीपावली केवल दीप जलाने, घर सजाने और धन-समृद्धि की कामना करने का पर्व नहीं है, बल्कि यह अपने अंतर्मन को प्रकाशित करने और जीवन में दिव्य चेतना का स्वागत करने का अनुपम अवसर है। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में दीपावली का संबंध श्री महालक्ष्मी तत्व की आराधना से भी है। किंतु आज के भौतिकतावादी परिवेश में लक्ष्मी को प्रायः केवल धन-संपत्ति तक सीमित कर दिया गया है। परिणामस्वरूप मनुष्य के पास भौतिक सुविधाएं बढ़ने के बावजूद उसके जीवन में संतुष्टि, शांति और वास्तविक आनंद का अभाव बना रहता है। परम पूज्य श्री माताजी श्री निर्मला देवी जी ने सहजयोग के माध्यम से श्री महालक्ष्मी तत्व का अत्यंत गहन एवं व्यावहारिक स्वरूप समझाया है। उनके अनुसार, महालक्ष्मी तत्व केवल बाहरी समृद्धि का प्रतीक नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर संतुलन, पवित्रता, विवेक, गरिमा, सद्भाव और आध्यात्मिक उन्नति स्थापित करने वाली दिव्य शक्ति है।



सहजयोग ध्यान पद्धति में श्री माताजी ने बताया है कि मनुष्य के भीतर स्थित कुंडलिनी शक्ति के जागरण से आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति संभव है। इसके पश्चात ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर की सूक्ष्म शक्तियों को अनुभव करता है। यह अनुभूति केवल विचारों या मान्यताओं तक सीमित नहीं रहती, बल्कि शांति, संतुलन और चैतन्य की प्रत्यक्ष अनुभूति के रूप में जीवन में अभिव्यक्त होती है। श्री माताजी के संदेश का सार यही है कि श्री महालक्ष्मी तत्व का सर्वोच्च आशीर्वाद केवल धन प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में आनंदित रहने की क्षमता प्राप्त करना है। जब मनुष्य भीतर से संतुष्ट, शांत और आनंदमय होता है, तभी उसकी वास्तविक समृद्धि पूर्ण होती है। इस दीपावली आइए, बाहरी दीपों के साथ अपने भीतर भी आत्मज्ञान का दीप प्रज्वलित करें और सहजयोग ध्यान के माध्यम से शाश्वत आनंद की ओर कदम बढ़ाएं।

कुंडलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार की सहज अनुभूति प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800-270-0800 अथवा वेबसाइट www.sahajayoga.org.in **पर जानकारी प्राप्त करें। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।**

दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, 11 प्रतिष्ठानों पर जांच

खुशबू श्रीवास्तव

26 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए, नापतोल विभाग ने असत्यापित तौल उपकरण और बाट किए जब्त

इंदौर। दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। 3 नवंबर को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुल 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 26 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। अभियान में नापतोल विभाग की टीम ने भी दो प्रतिष्ठानों पर संयुक्त कार्रवाई की। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश मनोज पुष्प के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान डेयरी,मिठाई, नमकीन और खाद्य तेल विक्रेताओं के यहां जांच की गई।





मिठाई और डेयरी उत्पादों की जांच

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छोटा बांगड़दा स्थित मुस्कान डेयरी से पनीर, ट्रेडिशनल स्वीट्स और घी के तीन नमूने लिए। वहीं स्कीम नंबर-51 की स्नेहल डेयरी से पनीर और घी के दो नमूने तथा चितावद रोड स्थित राममोहन दूध दही भंडार से दूध का नमूना लिया गया। मूसाखेड़ी स्थित फार्मर्स मिल्क कार्ट से मावा, मिल्क केक, रसगुल्ला और केसर पेड़ा के चार नमूने लिए गए। यहां साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर संचालक को सुधार सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। तेजाजी नगर की नवशक्ति दूध डेयरी एंड स्वीट्स से मावा, पनीर, मावा रोल और पेड़ा के नमूने लिए गए। वहीं श्री कृष्णा दूध दही भंडार से मिश्रित दूध और खंडवा नाका स्थित सांवरिया दूध डेयरी से गुपचुप एवं केसर पेड़ा के नमूने संग्रहित किए गए।

नापतोल विभाग की संयुक्त कार्रवाई, उपकरण जब्त

एसडीए कंपाउंड स्थित श्री बसंत इंटरप्राइजेज पर शिकायत के आधार पर कीर्ति गोल्ड रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना लिया गया। नापतोल विभाग ने तेल के पैकेटों की जांच की, जिसमें घोषणाएं और वजन नियमानुसार पाए गए। हालांकि प्रतिष्ठान में उपयोग किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक तौल उपकरण असत्यापित मिलने पर जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। इसी तरह फार्मर्स मिल्क कार्ट में असत्यापित बाट मिलने पर नापतोल विभाग ने उन्हें जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया।

खाद्य प्रतिष्ठानों को नोटिस की तैयारी

साउथ तुकोगंज स्थित श्रीवारी फूड वेंचर्स में निरीक्षण के दौरान कीट नियंत्रण व्यवस्था में कमी और कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं मिले। यहां से उड़द दाल का नमूना लेकर आवश्यक सुधार के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। इसके अलावा पगनिशपागा की एसएस ट्रेडिंग फर्म से चार, खातीवाला टैंक स्थित पूजा नमकीन भंडार से तीन खाद्य नमूने लिए गए।

स्ट्रीट वेंडर्स को भी किया जागरूक

अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने MFTL के साथ उच्च न्यायालय एवं एलआईसी कार्यालय परिसर के आसपास के स्ट्रीट वेंडर्स को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया। विभाग द्वारा सभी 26 खाद्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. लता मालवीय के निधन पर शोक, मनोज परमार ने रद्द किए जन्मदिन के सभी कार्यक्रम

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। अखिल भारतीय मालवीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने इस वर्ष 4 नवंबर को अपना जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया है। महासंघ की संस्थापक स्वरूप एवं महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लता मालवीय के आकस्मिक निधन के चलते उन्होंने जन्मदिन से जुड़े सभी कार्यक्रम निरस्त करने की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार, मनोज परमार का जन्मदिन प्रतिवर्ष इंदौर सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर समाज के हजारों समर्थक, सामाजिक बंधु और संगठन के कार्यकर्ता शामिल होते हैं। हालांकि, डॉ. लता मालवीय के निधन से संगठन में शोक का माहौल है। इसी को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस वर्ष जन्मदिन का उत्सव नहीं मनाने का फैसला लिया है। मनोज परमार ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों से अपील की है कि 4 नवंबर को उनके जन्मदिन पर किसी भी प्रकार का आयोजन न किया जाए। उन्होंने केक काटने, पोस्टर-बैनर और होर्डिंग लगाने के साथ ही सोशल मीडिया पर जन्मदिन की बधाइयों का प्रचार-प्रसार नहीं करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह समय उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि संगठन की वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. लता मालवीय को श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके योगदान को याद करने का है। उनके निधन से संगठन को बड़ी क्षति पहुंची है। इसी कारण इस वर्ष जन्मदिन से संबंधित किसी भी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। डॉ. लता मालवीय के निधन के बाद संगठन में शोक की लहर है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस निर्णय को दिवंगत डॉ. लता मालवीय के प्रति सम्मान और संवेदना के रूप में देखा जा रहा है।



दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल जाधव की अनोखी पहल

जन्मदिन पर खोखरी नदी पर किया बोरी बंधान

महेन्द्र मालवीय रणजीत टाईम्स

जिले के खकनार क्षेत्र के ग्राम मांजरोद कला में भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी राहुल जाधव ने अपने जन्मदिवस को एक अनूठे और प्रेरणादायक तरीके से मनाया।

इस वर्ष क्षेत्र में बारिश की कमी के चलते नदी-नालों का जलस्तर तेजी से गिर रहा है, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंची हुई हैं। किसानों की इस समस्या को समझते हुए श्री जाधव ने अपने जन्मदिन पर केक काटने के बजाय खोखरी नदी पर बोरी बंधान का श्रमदान कर जल संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश की।



जल संकट के बीच सराहनीय कदम- इस बार मानसून के दौरान कम बारिश होने के कारण जिले के अधिकांश जल स्रोतों में पानी का स्तर काफी कम हो गया है, जिससे आने वाले दिनों में सिंचाई और पेयजल संकट की आशंका गहराती जा रही है। किसानों की इसी परेशानी को ध्यान में रखते हुए किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल जाधव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर खोखरी नदी पर बोरी बंधान करवाकर पानी को रोकने का बीड़ा उठाया।

समाज में दिया पानी के महत्व का संदेश

बोरी बंधान के इस कार्य के माध्यम से उन्होंने क्षेत्र के युवाओं और समाज को यह संदेश दिया कि जल ही जीवन है और भू-जल स्तर को बनाए रखने के लिए इस प्रकार के छोटे प्रयास बेहद असरदार साबित होते हैं। इस पहल से नदी में पानी का ठहराव बढ़ेगा, जिससे आसपास के कुओं और बोरवेल का जलस्तर सुधरेगा और क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी।

जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की रही विशेष उपस्थिति

जल संरक्षण के इस पवित्र और सामाजिक कार्य में नेपानगर विधायक मंजू दादू ने विशेष रूप से सहभागिता निभाई। इसके साथ ही इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष बुरहानपुर गंगाराम मार्को, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदीप जाधव, नंदू मालवीय, युवा नेता अतुल जाधव, और अशफाक मलिक सहित कई गणमान्य नागरिक और स्थानीय किसान उपस्थित रहे। सभी ने श्रमदान कर इस पहल की सराहना की और इसे अन्य लोगों के लिए भी जल संरक्षण की दिशा में आगे आने का एक बड़ा उदाहरण बताया।

NDPS एक्ट के मामलों में लंबे समय से फरार दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

थांदला पुलिस ने भीलवाड़ा (राजस्थान), चांदपुर (जिला अलीराजपुर) से दबिश देकर वर्ष 2019 एवं 2022 से फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन एवं एसडीओपी थांदला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक तारा मंडलोई के नेतृत्व में थांदला पुलिस ने राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्स विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दिनांक 02.11.2026 को चांदपुर, जिला अलीराजपुर में दबिश देकर NDPS एक्ट के मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार आरोपी

1.दशरथ पिता प्रेमसिंह नायक (उम्र 38 वर्ष) निवासी ग्राम ढाबा, जिला नीमच। अपराध क्रमांक 504/2019, धारा 8/15 NDPS एक्ट में करीब 7 वर्षों से फरार था।

2. राहुल पिता अशोक राठौड़ (उम्र 35 वर्ष) निवासी ग्राम सुखेड़ा, जिला रतलाम। अपराध क्रमांक 224/2022, धारा 8/27 NDPS एक्ट में वर्ष 2022 से फरार था।

मेघनगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

UPI फ्रॉड कर 70,220 की ऑनलाइन खरीदी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

शिक्षिका के बैंक खाते से निकाली राशि से खरीदा था कैमरा एवं हेलमेट, पुलिस ने दोनों सामग्री की जब्ती की।

सलीम हुसैन

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा जिले में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं ऐसे अपराधों में त्वरित वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में झाबुआ पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

घटना का विवरण : फरियादिया कैलाशबेन पति रमेश मावी, निवासी ग्राम पतरा, जो प्राथमिक विद्यालय पतरा में वर्ग-3 शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं, ने थाना मेघनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से दिनांक 19.10.2026 को दो अज्ञात UPI ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 70,220/- की राशि निकाल ली गई।

फरियादिया द्वारा उक्त ट्रांजेक्शन नहीं किए गए थे। इस संबंध में उनके द्वारा साइबर शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय झाबुआ में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना मेघनगर में अपराध क्रमांक 251/2026, धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वोट चोर गद्दी छोड़ हेतु रैली में सम्मिलित हुए कार्यकर्ता

सलीम हुसैन

झाबुआ- जिले से 500 कार्यकर्ता दिल्ली वोट चोर गद्दी छोड रैली में गये तथा वहां पर सरकार की वोट चोरी को उजागर किया गया । आज देश की जनता जाग चुकी है तथा आने वाले समय में भाजपा के झूठ बेनकाब होगा । दिल्ली में चारो ओर कार्यकर्ताओं का सैलाब था

उक्त जानकारी देते हुए आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आयुष ओहारी ने बताया कि ज्ञानेश कुमार से त्यागपत्र एवं वोट चोर गद्दी छोड की महा रैली में झाबुआ जिले से लगभग 500 कार्यकर्ता आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका के नेतृत्व पूरी ताकत से सम्मिलित हुए। जिले से कांतिलाल भूरिया एवं थांदला विधायक वीरेंसिंह भूरिया तथा पूर्व विधायक वालसिंह मेडा भी रैली में पहुंचे। झाबुआ जैसे आदिवासी जिले में कार्यकर्ताओं का अतिउत्साह से अपने जुनून से दिल्ली पहुंचे भारी जन सैलाब था। आदिवासी कार्यकर्ता एवं अन्य समुदाय के लगभग 10 लाख कार्यकर्ताओं अपने हक की आवाज बलंद करने आए थे। डॉ विक्रांत भूरिया आदिवासी वेशभुषा में सम्पूर्ण देश से आये आदिवासी कार्यकर्ताओं का नेतृत्व किया । कांग्रेस पदाधिकारीयों ने भाजपा नेताओं के आरोप लगा रहे है कि भीड नहीं थी वह आरोप बेबुनियाद है । रैली में कांग्रेस पार्टी के नेता राहूल गांधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके द्वारा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया तथा वोट चोरी के बारे में जानकारी दी तथा यह बताया कि यह लडाई सिर्फ कांग्रेस पार्टी की नहीं यह संविधान को बचाने की लडाई है। जिला कांग्रेस के पदाधिकारी साबिर फिटवेल , काना गुण्डिया, खुना गुण्डिया, चेनसिंह डामोर, कलसिंह तथा महिला कांग्रेस की गोरी कटारा, सायरा बानों, जितेन्द्र शाह तथा हेमेन्द्र बबलु कटारा सहित अनेक पंच सरपंच एवं अनेक कार्यकर्ता रैली में सम्मिलित हुए तथा भाजपा के रैली सबंधी दुष्प्रचार की निंदा की है।



जहां 100 फीसदी रजिस्ट्री, वहां गांव में दीवाली मनाएंगे मंत्री

स्वामित्व योजना के शेष गांवों का होगा सर्वे,15 तक 20 लाख रजिस्ट्री का लक्ष्य

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों को स्वामित्व योजना के उन गांवों में जाकर दीवाली और गोवर्धन पूजा उत्सव मनाने के निर्देश दिए हैं, जहां आबादी भूमि पर काबिज हितग्राहियों की 100 फीसदी रजिस्ट्री हो चुकी है। मंत्रियों को स्थानीय नागरिकों के बीच पहुंचकर उनकी खुशी में शामिल होने और योजना के फायदे बताने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक में बताया कि योजना में रजिस्ट्री का आंकड़ा 50 लाख से बढ़कर 60 लाख तक पहुंच सकता है। सरकार मुफ्त रजिस्ट्री के लिए करीब 10 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है। एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना में राज्य सरकार स्वामित्व योजना के हितग्राहियों की रजिस्ट्री का शुल्क वहन कर रही है। यह रजिस्ट्री मालिकाना हक का प्रमाण है। प्रदेश में अब तक 15 लाख रजिस्ट्री हो चुकी हैं और 15 नवंबर तक 20 लाख का लक्ष्य है। आबादी सर्वे पूरा होने पर हितग्राहियों की संख्या 50 लाख से बढ़कर 60 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। योजना पर करीब 10 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।



वन, स्वास्थ्य और सिंचाई योजनाएं 2031 तक जारी रहेंगी

कैबिनेट ने विभिन्न विभागों की योजनाओं को 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। वन विभाग की 8 योजनाओं के लिए 15,200 करोड़ रुपए और वन भूमि लिए जाने के बाद नए स्थान पर वनीकरण के लिए 1,994 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की इन्वेस्टमेंट प्रमोशन योजना के लिए 610 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। जल संसाधन विभाग की चार सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए योजनाएं जारी रखने का निर्णय लिया गया। इनमें पन्ना जिले की मझगवां मध्यम सिंचाई परियोजना, विदिशा जिले की लटेरी तहसील की मध्यम सिंचाई परियोजना और मऊगंज-सिंगरौली की हनुमना सिंचाई परियोजना शामिल हैं।

प्रदेश में 15 नए सैटेलाइट टाउन बनाने का रोडमैप

मुख्यमंत्री ने अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव के लिए प्रदेश का रोडमैप प्रस्तुत किया। इसमें 15 नए सैटेलाइट टाउन विकसित करने, सड़क नेटवर्क बढ़ाने और विभिन्न रीजन के विकास प्रस्ताव तैयार करने की योजना है। अर्बन चैलेंज फंड के तहत 2,013 करोड़ रुपए के एमओयू भी हुए हैं। धान खरीदी के लिए पंजीयन की तारीख बढ़ाकर 4 नवंबर कर दी गई है। किसान इस अवधि में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत जबलपुर में सोमवार को पदयात्रा निकाली गई। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास जताकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। भोपाल में मंगलवार को होने वाली रैली का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने गोवर्धन पूजा की किसानों को शुभकामनाएं दीं और दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं की अधिक से अधिक खरीदारी करने का आह्वान किया।

त्रिपुरा में बीएसएफ जवानों पर तस्करों ने किया हमला

- 3 घायल, अब तक 8 गिरफ्तार
- ढाई साल में ऐसी 3 घटनाएं



अगरतला (एजेंसी)। त्रिपुरा के आशाबाड़ी बॉर्डर आउटपोस्ट के पास सोमवार को कुछ तस्कर अवैध सामान ले जाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान बीएसएफ की 49वीं बटालियन के जवानों ने उनका पीछा किया और एक संदिग्ध को पकड़ लिया। उसकी पहचान हिफजुर रहमान के रूप में हुई है। इसी दौरान रहीमपुर कांतामुरा बॉर्डर आउटपोस्ट से बीएसएफ के 3 जवान गाड़ी से बॉक्सानगर जा रहे थे। रास्ते में तस्करों के एक समूह ने उन्हें घेरकर हमला कर दिया। हमलावरों ने जवानों के हथियार छीनने की कोशिश की और उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीएम माणिक साहा ने घटना की निंदा की है और आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, हमारा अखबार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। त्रिपुरा में इस घटना के साथ बीएसएफ जवानों पर हमले की 3 घटनाएं हो चुकी हैं। अप्रैल 2024 में दुर्गापुर गांव में तस्करी रोकने पर भीड़ ने जवानों पर हमला किया था, जिसमें 3 जवान घायल हुए थे। वहीं, नवंबर 2025 में बिशालगढ़ में संदिग्ध पशु तस्करों को रोकने पर भीड़ ने बीएसएफ की गाड़ी में तोड़फोड़ की थी।

एक जगह अनिश्चितकाल तक धरना नहीं दे सकते

सुप्रीम कोर्ट बोला-प्रदर्शन एक का नहीं,सबका अधिकार

कहा-रोजगार और कारोबार का ध्यान रखना भी है जरूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने विरोध प्रदर्शनों, लोगों को बड़ी संख्या में हिरासत में लेने, पुलिस की बर्बरता, मेट्रो स्टेशनों को बंद करने और इंटरनेट बंद किए जाने के खिलाफ व्यापारियों की याचिकाओं पर आज मंगलवार को सुनवाई की। भारत के



- दिल्ली में हुए प्रदर्शनों को लेकर सीजेआई की सख्त टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, आप किसी जगह पर हमेशा के लिए कब्जा नहीं कर सकते।

अन्य प्रदर्शनकारी भी हैं। किसान या वकील कहां जाएंगे। हर किसी को विरोध करने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी पिछले महीने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विपक्षी दलों और अन्य लोगों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ किए गए बड़े विरोध प्रदर्शन की सुनवाई के दौरान आई, जब उस जगह से विरोध प्रदर्शन स्थल का दर्जा हटाए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। सुप्रीम कोर्ट में व्यापारिक संगठनों ने याचिका दायर की, जिसमें बताया कि विरोध प्रदर्शनों की वजह से उनका काफी नुकसान हो रहा है। कोर्ट ने व्यापारियों के संगठनों से कहा है कि वे एंटी-सरकार विरोध प्रदर्शन के आयोजकों को भी अपनी याचिका में पक्षकार बनाएं। विरोध प्रदर्शन के चलते व्यापारियों की स्थिति बताते हुए उनके वकील ने कोर्ट से कहा, विरोध स्थल के आस-पास के इलाकों में 50 लाख लोग रहते हैं। सभी दुकानें बंद हैं और आज कनॉट प्लेस में कोई नहीं है।

सरकार के शीर्ष वकील तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि जो कोई भी विरोध प्रदर्शन का आह्वान करता है, उसे अपने कार्यों के नतीजों की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए।

व्यापारियों ने कहा-त्योहारों में 2000 करोड़ का नुकसान

सुनवाई के दौरान दिल्ली के व्यापारिक संगठनों की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने कहा कि प्रदर्शनों के कारण दिल्ली में कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। त्योहारों के सीजन में दुकानें बंद रहीं और बिक्री घट गई। उन्होंने दावा किया कि कारोबारियों को करीब 2,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। अगर त्योहारों के सीजन में बिक्री नहीं होगी तो व्यापारियों और उनसे जुड़े लोगों को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कोर्ट से अगले दो महीने तक किसी भी तरह के प्रदर्शन या धरने पर रोक लगाने की मांग की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दिल्ली पुलिस की ओर से कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए सिर्फ एक दिन की अनुमति दी गई थी, लेकिन प्रदर्शनकारी 17 दिन तक वहां बैठे रहे। मेहता ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने बिना अनुमति संसद की ओर मार्च भी किया। संसद देश की संप्रभुता का प्रतीक है। बिना अनुमति संसद या सुप्रीम कोर्ट तक मार्च करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि जो संगठन बंद या प्रदर्शन का आह्वान करता है, उसे उसके परिणामों की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए।

मोदी बोले-पहले गरीबी खत्म करने के वादे होते थे,अब जमीनी स्तर पर काम हो रहा

छोटे शहरों को भी विकास के केंद्र के रूप में तैयार करना होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की कई पीढ़ियों ने गरीबी खत्म करने के वादे सुने हैं। पहले गरीबी के खिलाफ लड़ाई सिर्फ नारों तक सीमित थी, लेकिन अब इसे खत्म करने के लिए जमीन पर काम हो रहा है। उन्होंने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुणे मेट्रो की करीब 21,800 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए। आज दुनिया में भारत की चर्चा दो और वजहों से हो रही है। पहली, दुनिया में मुश्किल हालात के बावजूद भारत सबसे तेज आर्थिक विकास करने वाला देश बना हुआ है। दूसरी, सिर्फ 10 से 12 साल में भारत के 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर आए हैं। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में भी इसका जिक्र किया गया है।



महाराष्ट्र में खराब मौसम से कई किसान परेशान हैं

महाराष्ट्र में खराब मौसम से कई किसान परेशान हैं। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में पिछले कुछ सालों में जल संरक्षण के लिए काम हुआ है, लेकिन प्राकृतिक आपदा से किसानों को नुकसान हुआ है। इस मुश्किल समय में एनडीए सरकार किसानों की हर संभव मदद करेगी। देश के सैकड़ों छोटे शहरों को भी विकास के केंद्र के रूप में तैयार करना होगा। इसी सोच के साथ इस साल फरवरी में अर्बन चैलेंज फंड को मंजूरी दी गई थी। केंद्र सरकार इस फंड के लिए 1 लाख करोड़ की मदद दे रही है। पुणे मेट्रो लाइन का निर्माण पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी से हुआ है।

अग्निवीरों के पहले बैच को एक्सटेंशन दे सकती है सरकार

21 नवंबर को खत्म होगा कार्यकाल,दिल्ली में हुई कई हाईलेवल बैठकें

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार पहले बैच के कुछ अग्निवीरों की चार साल की सेवा पूरी होने के बाद एक्सटेंशन देने पर विचार कर रही है। यह उन अग्निवीरों के अलावा होगा, जिन्हें स्थायी रूप से सेना में शामिल किया जाएगा। पहले बैच की चार साल की सेवा 21 नवंबर को खत्म होगी। इससे पहले स्थायी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है और एक्सटेंशन के प्रस्ताव पर फैसला होने की उम्मीद है। सोमवार को सामने आई जानकारी के मुताबिक, इस प्रस्ताव पर पिछले कुछ दिनों में कई हाईलेवल बैठकें हो चुकी हैं। अभी सरकार ने कोई फैसला घोषित नहीं किया है। प्रस्तावित एक्सटेंशन कितने समय का होगा, यह अभी साफ नहीं है। अग्निपथ योजना 2022 में शुरू की गई थी। इसके तहत तीनों सेनाओं के अन्य रैंक में युवाओं की चार साल के लिए भर्ती की जाती है।



इंग्लैंड के खिलाफ मौका नहीं मिलने पर लिया फैसला

मैक्सवेल का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर 5 मैचों की टी20 सीरीज में नहीं चुने जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने सोमवार (3 नवंबर) को संन्यास का ऐलान कर दिया। 38 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 1ह्य फर्स्ट-क्लास क्रिकेट और लिस्ट-ए मैचों से भी संन्यास ले लिया है। वह बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलना जारी रखेंगे, क्योंकि उनके अनुबंध को 2027-28 सीजन तक बढ़ा दिया गया है। मैक्सवेल ने पिछले साल जून में ही वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन वह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध रहे। उन्होंने 2026 में हुए टी20 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लिया, जहां उनकी टीम ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ पाई। फरवरी में ओमान के खिलाफ उस टूर्नामेंट का आखिरी मैच उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का भी आखिरी मैच साबित हुआ।

एमसीजी में खेलकर लेना चाहते थे विदाई

दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और 2021 में ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व चैंपियन बनने पर विजयी रन बनाने वाले मैक्सवेल की इच्छा थी कि वह अपने घरेलू मैदान मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अपने देश के लिए एक आखिरी बार मैदान में उतर पाते, लेकिन उनकी यह हसरत पूरी नहीं हो सकी।

ग्लेन मैक्सवेल ने क्या कहा?

मैक्सवेल ने 'द फाइनल वर्ड'पॉडकास्ट पर कहा,'टी20 वर्ल्ड कप से पहले और बाद में हमारी कई बार बातचीत हुई। और यह बातचीत काफी खुली थी। उस तरफ (ऑस्ट्रेलिया टीम मैनेजमेंट) से कोई दबाव नहीं था और हमने तय किया कि आगे के लिए रास्ते खुले रखे जाएं। कुछ सीरीज आने वाली थीं। वे भविष्य पर ध्यान देना चाहते थे और हमने बांग्लादेश में देखा कि वहां खिलाड़ियों को मौके मिले और उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।'

एमसीजी में खेलकर विदा होना चाहते थे मैक्सवेल

मैक्सवेल ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि एक छोटी सी उम्मीद या शायद इस पर बात होनी चाहिए थी कि मुझे एमसीजी में एक विदाई मैच खेलने का मौका मिल सकता है, लेकिन इस टीम को लेकर वे जिस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं मैं उसे पूरी तरह समझ सकता हूं। मुझे लगता है कि अगले 12 से 24 महीनों में काफी बदलाव देखने को मिलेंगे, खासकर इसलिए क्योंकि (2028 में) ओलंपिक है। ऐसे में उन्हें कुछ युवा खिलाड़ियों पर नजर रखनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय दबाव का अनुभव मिले। एक ऐसा अनुभव जो शायद हमेशा बीबीएल के मैचों में नहीं मिल पाता।'

इंग्लैंड सीरीज को लेकर क्या बोले मैक्सवेल

इंग्लैंड की टीम व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया आने वाली है, जिसमें मेलबर्न में होने वाला एक टी20 मैच भी शामिल है। मैक्सवेल के मन में इस सीरीज के लिए खुद को तैयार करने का विचार आया था। उन्होंने कहा, 'यह एक विकल्प था, लेकिन मैं अपने घुटने में इंजेक्शन लगवाने के लिए भी तैयार था, ताकि यह पक्का हो सके कि मैं बीबीएल के लिए फिट रहूं। दोनों ही स्थितियों में कुछ न कुछ सकारात्मक था। जैसे ही वह मौका हाथ से निकल गया, मुझे अपने शरीर पर फिर से ध्यान देने का समय मिल गया।

बीबीएल के लिए तैयारी

मैक्सवेल ने आगे कहा, 'अब मैं 8 हफ्तों तक अच्छे से रिहैब करूंगा, ताकि मैं पूरी तरह मजबूत हो जाऊं और आने वाले बीबीएल के लिए तैयार रहूं। यह कुछ-कुछ उस परीकथा जैसा है, जिसमें आप अपने हीरो या आदर्शों को ऐसी स्थितियों से गुजरते हुए देखते हैं। आपका मन भी उसी दिशा में सोचने लगता है। शायद ही कोई और फॉर्मेट होता जिसके लिए मैं ऐसी इच्छा रखता, सिवाय इसके, जहां पिछले 15 सालों से मुझे बिल्कुल अपने घर जैसा महसूस होता रहा है।'

ग्लेन मैक्सवेल का करियर

ग्लेन मैक्सवेल ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 130 टी20 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 154.42 के स्ट्राइक रेट से 2897 रन बनाए हैं और 51 विकेट लिए हैं। इस फॉर्मेट में उनके नाम पांच शतक हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इस रिकॉर्ड में वे रोहित शर्मा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सात मैच खेले हैं, जिनमें से आखिरी मैच 2017 में था और कुल 339 रन बनाए हैं। रांची में भारत के खिलाफ बनाया गया 104 रनों का स्कोर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

इंदौर के पांच पूर्व क्रिकेटर बने मैच रेफरी

एमपीसीए की परीक्षा में आईडीसीए के पूर्व सचिव सहित पांच खिलाड़ियों ने हासिल की सफलता

इंदौर। शहर के पांच पूर्व क्रिकेट खिलाड़ियों और अंपायरों ने मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) द्वारा आयोजित मैच रेफरी परीक्षा में सफलता हासिल की है। सफल होने वालों में इंदौर जिला क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) के पूर्व सचिव और बीसीसीआई अंपायर अमरदीप सिंह पठानिया, एमपीसीए के पूर्व सह सचिव एवं पूर्व क्रिकेटर अल्पेश शाह, पूर्व क्रिकेटर और स्टेट पैनल अंपायर डॉ. सुनील दुधाले, आईडीसीए अंपायर अमोल गुप्ते और विनिश शर्मा शामिल हैं। इन सभी की सफलता से शहर के क्रिकेट जगत में खुशी का माहौल है।

एमटी-700 टेनिस टूर्नामेंट में शेखर-सुनील ने जीता युगल खिताब

रोहित रावत 55 वर्ष एकल के फाइनल में पहुंचे, आदित्य बाजपेयी ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

इंदौर। इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित आईटीएफ एमटी-700 मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। शेखर तिवारी और सुनील परदासानी की जोड़ी ने 55 वर्ष आयु वर्ग का युगल खिताब अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने योगेश कोहली और वेणुगोपाल मंघत को 5-7, 6-3, 10-6 से हराया। 55 वर्ष एकल वर्ग में रोहित रावत ने चौथी वरीयता प्राप्त योगेश कोहली को 6-1, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उनका सामना तुलेश्वर सिंह से होगा। वहीं, 45 वर्ष वर्ग में आदित्य बाजपेयी ने भूपेंद्र चौधरी को 1-6, 6-1, 7-6(6) से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अन्य मुकाबलों में 50 वर्ष युगल में जगदीश तंवर-संदीप यादव, 60 वर्ष युगल में भानु प्रताप सिंह-पुनीत कुमार गुप्ता और 65 वर्ष युगल में चेतन देसाई-मयूर मानेक विजेता रहे। 70 वर्ष एकल में एजेएस छतवाल और 75 वर्ष एकल में श्रीकांत पारिख ने खिताब जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026

भारत ने दक्षिण कोरिया को 8-0 से रौंदा

लगातार 5वीं जीत के साथ शीर्ष पर रहा, दिलप्रीत सिंह ने दागे 2 गोल



नई दिल्ली, एजेंसी। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 हॉकी टूर्नामेंट में गत चैंपियन भारत का अजेय अभियान जारी है। भारतीय टीम ने सोमवार दो नंवबर 2026 को अपने पांचवें और आखिरी राउंड रॉबिन मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 8-0 से करारी शिकस्त देकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत 15 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। भारत की ओर से दिलप्रीत सिंह ने दो गोल किये, जबकि जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, संजय और अंगद बीर सिंह ने 1-1 गोल किया।

टूर्नामेंट का अंतिम चरण अब मोहाली में होगा। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में बुधवार को भारत का सामना फिर दक्षिण कोरिया से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल मैच में मलेशिया का सामना जापान से होगा।

एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम के बाद जापान, एशियन गेम्स की रजत पदक विजेता मलेशिया और दक्षिण कोरिया का स्थान रहा। इससे पहले भारत ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश को 13-0, चीन को 5-2, जापान को 4-1 और मलेशिया को 4-2 से हराया था। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह (8वें और 40वें मिनट) ने दो गोल किये, जबकि भारत के लिए अन्य गोल जुगराज सिंह (11वें), हरमनप्रीत सिंह (15वें), शिलानंद लकड़ा (33वें), सुखजीत सिंह (34वें), संजय (36वें) और अंगद बीर सिंह (60वें) ने किये।

भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की और चौथे मिनट में ही गोल करने का पहला प्रयास किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पास पर सुखजीत सिंह ने सर्कल के ऊपरी हिस्से से एक 'रिवर्स हिट' लगाई, लेकिन दक्षिण कोरिया के सतर्क गोलकीपर जेह्योन किम ने उसे अपने दस्तानों से रोक दिया। चार मिनट बाद भारत ने दिलप्रीत सिंह के जरिये बढ़त बना ली। जरमनप्रीत सिंह से मिले पास पर उन्होंने एक बेहतरीन रिवर्स हिट लगाकर गेंद को गोल में पहुंचा दिया। कोरियाई टीम जब 11वें मिनट में लगातार मिले पेनल्टी कॉर्नर्स का फायदा उठाने में नाकाम रही तब जुगराज ने रिबाउंड पर गोल कर दिया और भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी।

फॉर्म में लौटे यशस्वी जायसवाल

टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैंड में ठोका शतक

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड में टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया की सबसे बड़ी टेंशन दूर हो गई है. भारतीय टीम की टेंशन यशस्वी जायसवाल के फॉर्म को लेकर थी, जो पिछली कुछ टेस्ट पारियों से हिचकोले खा रही थी, पिछली 9 पारियों में से 4 में तो वो खाता भी नहीं खोल पाए थे. लेकिन, अब सब ठीक है. यशस्वी फॉर्म में लौट आए हैं, जिसका प्रमाण है न्यूजीलैंड ए के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट के आखिरी दिन उनके बल्ले से निकला शतक. यशस्वी ने ना सिर्फ धमाकेदार शतक जड़ा है बल्कि इस दमदार पारी के दौरान फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपने 5000 रन भी पूरे किए.

दर्द के आगे शतक है – यशस्वी जायसवाल को शतक तक पहुंचने के दौरान दर्द का भी सामना करना पड़ा. ये दर्द उन्हें तब मिला जब वो 87 रन पर खेल थे और दूसरी पारी में इंडिया ए की इनिंग का 32वां ओवर चल रहा था. न्यूजीलैंड ए के गेंदबाज जेरॉड मकॉय ने इस ओवर की दूसरी गेंद बाउंसर फेंकी, जो सीधा जाकर उनके हेलमेट पर जोर से लगी. गेंद हेलमेट पर लगने के बाद यशस्वी को दर्द हुआ और वो थोड़े परेशान दिखे. उनका कनक्शन टेस्ट हुआ. कनक्शन जांच के बाद हालांकि वो खेलने के लिए फिट पाए गए.

ये शतक नहीं 9 पारियों की नाकामी का अंत है – यशस्वी जायसवाल के लिए क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड ए के खिलाफ जमाया शतक कितना खास है, उसका अंदाजा पिछली 9 पारियों के उनके आंकड़े देखकर लगाया जा सकता है. उन 9 पारियों में उनके नाम 4 डक के अलावा सिर्फ 1 फिफ्टी प्लस स्कोर है. उन 9 पारियों में 3 पारियां तो यशस्वी ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ ही खेली, जिसमें सिर्फ 21 रन उनके खाते में आए. लेकिन, अब न्यूजीलैंड ए के खिलाफ चौथी पारी में उन्होंने वो शतक जड़ दिया है, जो टीम इंडिया के साथ साथ करोड़ों भारतीय क्रिकेट फैंस को सुकून देने वाला है.

18 शतक, 5000 रन और यशस्वी जायसवाल

यशस्वी जायसवाल ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ 119 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. उन्होंने शतक की दहलीज 99 रन के स्कोर पर छक्का लगाते हुए लांघी. ये उनके फर्स्ट क्लास करियर का 18वां शतक रहा. इस शतकीय पारी के दौरान ही यशस्वी जायसवाल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपने 5000 रन भी पूरे किए.





बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही एक बार फिर सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के जबरन वसूली मामले में अदालत में पेश नहीं हुईं। सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होनी थी। नोरा को अभियोजन पक्ष के गवाह के तौर पर अपना बयान दर्ज कराने के लिए अदालत में पेश होना था, लेकिन वह नहीं पहुंचीं।

शाहरुख के एब्स और दीपिका की खूबसूरती पर

फिदा हुए करण

शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'किंग' का पहला गाना रिलीज होते ही चर्चा का विषय बन गया है. गाना सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है.गाने में दीपिका और शाहरुख की रोमांटिक केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है. अब इस गाने के सोशल मीडिया पर छाते ही फिल्ममेकर करण जौहर भी इस गाने के दीवाने हो गए हैं. इस गाने की तारीफ किए बिना नहीं रह सके. उन्होंने शाहरुख के दमदार एब्स और दीपिका की खूबसूरती की तारीफ में कसीदे पढ़ दिए हैं. शाहरुख खान की 'किंग' को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है. इस गाने ने आते ही सोशल मीडिया पर अपनी जगह पक्की कर ली है. अब खुद करण जौहर भी इस गाने की तारीफ किए बिना रह नहीं पा रहे हैं. करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर गाने की क्लिप शेयर की है और गाने को लेकर अपनी दिल की बात बयां की है. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर गाने को लेकर पोस्ट शेयर की है और दीपिका और शाहरुख खान की जमकर तारीफ की है.



करण जौहर ने गाने को बताया ब्लॉकबस्टर

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के गाने 'तू मिल जाए' के रिलीज होते ही लोग गाने पर प्यार लुटा रहे हैं. खुद करण जौहर भी एक्ट्रेस की खूबसूरती और किंग के एब्स की जमकर की तारीफ कर रहे हैं. बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जोड़ी इससे पहले भी फैंस के दिलों पर राज कर चुकी हैं. अब एक बार फिर से वह लोगों के दिलो पर राज करने आ रहे हैं. उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग' का पहला गाना 'तू मिल जाए' रिलीज हो चुका है. इस रोमांटिक गाने में शाहरुख और दीपिका की शानदार केमिस्ट्री लोगों को हैरान कर रही हैं. खुद करण जौहर ने इसे ब्लॉकबस्टर बताया है.

सड़क पर चरौटा सुखाने से हादसों का खतरा

बेमौसम बारिश में बढ़ सकती है परेशानी

पक्की सड़कों के बीच बिछाए जा रहे बीज, चिकनाई के कारण दोपहिया वाहन चालकों को हो रही दिक्कत; हर साल की समस्या पर जिम्मेदारों का ध्यान कब जाएगा?

छुरा। क्षेत्र में पक्की सड़कों पर चरौटा के बीज निकालने के लिए सड़क के बीचों-बीच बीज बिछाकर चरौटा रखा जा रहा है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी खड़ी हो रही है। सड़क पर इस तरह बीज सुखाने और निकालने का काम आवागमन में बाधा उत्पन्न करने के साथ दुर्घटनाओं को भी न्योता दे रहा है। इसके बावजूद इस समस्या पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस पहल नजर नहीं आ रही है।

सड़कें आवागमन के लिए बनाई गई हैं, लेकिन इनका उपयोग कृषि उपज से बीज निकालने और सुखाने के लिए किए जाने से वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। सड़क के बीचों-बीच चरौटा रखे जाने से वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में सामने से



दूसरे वाहन आने पर चालकों को अचानक दिशा बदलनी पड़ती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

बीज की चिकनाई से फिसलने का खतरा

सड़क पर बिखरे चरौटा के बीजों की चिकनाई के कारण सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। बाइक और स्कूटी के पहिए बीजों के ऊपर से गुजरने पर फिसलने का खतरा बना रहता है। अचानक ब्रेक लगाने या वाहन को मोड़ने की स्थिति में संतुलन बिगड़ सकता है। वहीं, तेज रफ्तार से आने वाले वाहनों के लिए सड़क पर रखे चरौटा को समय रहते देख पाना भी मुश्किल हो सकता है।

बेमौसम बारिश बनी अतिरिक्त चिंता

मौसम में अचानक बदलाव और बारिश होने पर यह समस्या और गंभीर हो सकती है। बारिश के कारण सड़क पर फैले बीज और अधिक फिसलन पैदा कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बढ़ जाती है। रात के समय कम दृश्यता के कारण सड़क पर रखे चरौटा को पहचानना भी मुश्किल हो सकता है।

हर साल दोहराई जाती है समस्या

स्थानीय स्तर पर हर साल चरौटा से बीज निकालने के लिए सड़कों का उपयोग किए जाने की समस्या सामने आती है। इसके बावजूद अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। सवाल यह है कि क्या किसी दुर्घटना के बाद ही जिम्मेदार विभागों की नींद खुलेगी? कृषि उपज से बीज निकालने का कार्य किसानों और उत्पादकों की जरूरत हो सकता है, लेकिन इसके लिए सार्वजनिक सड़कों का इस्तेमाल करना दूसरे लोगों की सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करता है।

प्रशासन कब करेगा कार्रवाई?

सड़क पर चरौटा रखकर बीज निकालने की इस परंपरा पर रोक लगाने और संबंधित लोगों को सुरक्षित वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने की जरूरत है। स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायतों और संबंधित विभागों को इस दिशा में पहल करनी चाहिए, ताकि आवागमन बाधित न हो और किसी निर्दोष वाहन चालक को हादसे का शिकार न होना पड़े। अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करता है या हर साल की तरह इस बार भी लोगों को दुर्घटना के खतरे के बीच सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

मध्यप्रदेश में माफिया राज चरम पर

पुलिस प्रशासन का खौफ खत्म : मोहित रघुवंशी

धर्मेन्द्र गुप्ता

खातेगांव थाना प्रभारी की हत्या के विरोध में जिला कांग्रेस ने गांधी प्रतिमा के समक्ष बनाई मानव श्रृंखला, सरकार के खिलाफ जताया आक्रोश खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर हत्या किए जाने की घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष नीमताल चौराहा पर मानव श्रृंखला बनाकर अपना विरोध दर्ज कराया, इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बढ़ते माफिया आतंक और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेवाजी कर आक्रोश व्यक्त किया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में माफिया राज चरम पर पहुंच चुका है। गृह विभाग स्वयं मुख्यमंत्री के पास होने के बावजूद प्रदेश में अपराधियों और माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। स्थिति यह है कि अब पुलिस अधिकारी भी माफियाओं के निशाने पर हैं।



खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर हत्या किया जाना प्रदेश की कानून व्यवस्था की भयावह स्थिति को उजागर करता है।श्री रघुवंशी ने आरोप लगाया कि सरकार अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जब कानून की रक्षा करने वाले पुलिस अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने बताया कि मानव श्रृंखला बनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बिगड़ते क़ानून व्यवस्था के विरुद्ध विरोध दर्ज कराया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, सुशील शर्मा, गोविन्द भार्गव, सुंदर सिंह दांगी, अवधेश दुबे ,सुनील दांगी, अनुज यादव, राजकुमार पांसी, नवनीत कुशवाहा,बंटी सक्सैना, पर्वत सिंह गौड , श्याम रघुवंशी , असलम पटेल, बाबू पाल, राहुल रघुवंशी, जवाहर सिंह कुशवाहा, सुनील शर्मा, अभिषेक मिश्रा,,कोमल जाटव, संतोष सक्सैना, नर्बदा अहिरवार, रूपेश अहिरवार,विकास विज्वे आदि।

हलाली डैम से नहर में पानी छोड़े जाने के बाद भी पीपलखेड़ा कला के किसानों की बढ़ीं मुश्किलें, नहर की बदहाली से खेतों तक पानी पहुंचने पर सवाल

धर्मेन्द्र गुप्ता

5 नवंबर से खुलेगी पीपलखेड़ा के लिए ना हर साफ सफाई अधूरी किसानों के लिए चिंता का सबक अधिकारी कर रहे हैं सिर्फ खानापूर्ति, टेल क्षेत्र तक नहीं पहुंचेगा पानी किसान किसानों ने कहा हर साल की तरह इस बार नहीं हुई है नहर में खुदाई सुल्तानिया और ग्राम ब्यौची टेल क्षेत्र में आते हैं हलाली डैम से एक दिन पहले नहर में पानी छोड़े जाने के बाद ग्राम पीपलखेड़ा कला के किसानों में सिंचाई को लेकर उम्मीद जगी है, लेकिन नहर की मौजूदा स्थिति किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। गांव के आसपास नहर की हालत खराब दिखाई दे रही है। कई स्थानों पर नहर में झाड़ियां और घास-फूस उगी हुई हैं, वहीं सफाई और रखरखाव के अभाव में पानी का प्रवाह प्रभावित होने की आशंका है।किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नहर की सफाई, मरम्मत और झाड़ियों की कटाई नहीं कराई गई तो छोड़ा गया पानी किसानों के खेतों तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाएगा। नहर में जगह-जगह उगी झाड़ियां और अव्यवस्थित स्थिति देखकर किसान चिंतित हैं। किसानों को आशंका है कि पानी का बहाव बाधित



होने से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।किसानों ने उठाई नहर की सफाई और मरम्मत की मांग ग्रामीणों और किसानों की मांग है कि संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर नहर का निरीक्षण करें। नहर में उगी झाड़ियों की तत्काल सफाई कराई जाए, क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत हो तथा पानी की निकासी और बहाव को सुचारु बनाया जाए, ताकि अंतिम छोर तक बैठे किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके।अब सवाल यह है कि जब हलाली डैम से नहर में पानी छोड़ दिया गया है, तो क्या विभाग समय रहते पीपलखेड़ा कला की नहर व्यवस्था दुरुस्त कर पाएगा? किसानों को केवल डैम से पानी छोड़े जाने की घोषणा नहीं, बल्कि उनके खेतों तक पानी पहुंचने की व्यवस्था चाहिए।